केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 225 बुधवार 12 मार्च 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### पत्रकार की हत्या से आक्रोश, भेजा ज्ञापन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बस्ती शाखा के जिलाध्यक्ष डा. वी.के. वर्मा के नेतृत्व में राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को देकर सीतापुर के दिवंगत पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई के परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता दिये जाने की मांग किया है। आपको बता दें शनिवार को सीतापुर में बदमाशों ने दिनदहाड़े पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर उनकी निर्मम हत्या कर दी। भेजे गये ज्ञापन में पत्रकार की विधवा पत्नी को तत्काल एक करोड़ की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिये जाने की मांग की गई। पत्रकारों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को मृत्यु दण्ड दिये जाने तथा पत्रकारों की सुरक्षा के लिये कानून बनाने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश कुमार पाण्डेय, धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, अनिल श्रीवास्तव, राकेश गिरि, रिजवान खान, मो. टीपू, शैलेन्द्र मौर्य, राकेश त्रिपाठी, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

### जयन्ती पर आयोजन 13 को

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बभनान (बस्ती)। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में आगामी 13 मार्च को पूर्व राज्यसभा सांसद बाबू शिवदयाल चौरसिया एवं 15 मार्च को शोषितों वंचितों के मसीहा कांशीराम की जयंती जनपद स्तर पर मनाया जाएगा। इसी क्रम में अपना दल एस जिला इकाई बस्ती के कार्यकर्ता शिवदयाल चौरसिया की जयंती नगर पंचायत बभनान में एवं काशीराम की जयंती हर्रैया विकासखंड के औरा तोंदा चौराहे पर मनाएंगे। उक्त जानकारी प्रदेश महासचिव राम सिंह पटेल ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

### होली उत्सव की धूम



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। सामाजिक सेवा संस्था चित्रांश क्लब महिला विंग की ओर से नेहरू तिराहा स्थित एक मैरेज हाल में होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम कार्यक्रम की अध्यक्षता आभा सिंह ने किया। जिलाध्यक्ष प्रतिमा सिंह ने कहा होली रंगों का त्योहार है और नफरत मिटाकर मोहब्बत का पैगाम देता है। इस अवसर पर हमे सभी का सम्मान करते करना चाहिये।

जबरिया किसी को रंग लगाना स्वस्थ परंपरा का हिस्सा नही है। उन्होने सुरक्षित होली मनाने का आवाह्न किया। नगर पालिका अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रही श्रीमती सीमा खरे ने कहा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें और रासायनिक रगों की जगह प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें। होली अनुपमा पांडे, अनीता पाल, गुड्डन पांडे ने बस्तीवासियों को होली की शुभकामनायें दी। महिलाओं ने एक दूसरे से गले मिलकर फूलों की होली खेली और उन्हे अबीर गुलाल लगाया। ममता श्रीवास्तव, आरती श्रीवास्तव, गरिमा श्रीवास्तव, प्रीति सिंह, ज्योत्सना गुप्ता, सरिता श्रीवास्तव, अनीता मोदनवाल, रेखा यादव, कुमकुम सिंह, उपमा, प्रतिमा त्रिपाठी, रूबी मिश्रा, संगीता शुक्ला, शिवांगी पांडे तथा क्लब के जिलाध्यक्ष सतेन्द्र श्रीवास्तव व संस्थापक अश्वनी श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# आतंकवादियों ने हाईजैक कर लिया ट्रेन, पाक सरकार को दिया चेतावनी





**पेशावर (आभा)।** पाकिस्तान में आतंकियों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक कर लिया है। इस घटना ने शहबाज शरीफ सरकार की नींद उड़ा दी है। इस ट्रेन में 450 से अधिक यात्री सवार हैं। सभी यात्रियों को बंदूक की नोंक पर रखा गया है। विद्रोही गुट बलूच लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। आतंकियों ने पाकिस्तान सरकार को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि अगर यात्रियों को बचाने के लिए सेना ने एयरस्ट्राइक नहीं रोकी, तो वे सभी बंधकों को मार डालेंगे।

बलूच आर्मी ने एक बयान में कहा कि ट्रेन हाईजैक करने के बाद पाकिस्तानी सेना के जमीनी हमले को उन्होंने नाकाम कर दिया है। पाकिस्तानी सेना पीछे हट चुकी है, लेकिन हेलीकॉप्टरों और ड्रोन से हवाई हमले लगातार जारी हैं। ठस-। ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने हवाई हमला जारी रखा तो वे 100 से अधिक बंधकों की हत्या कर देंगे। बता दें कि ट्रेन हाईजैक की यह घटना पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के एक संवेदनशील इलाके में हुई है।

खबरों के मुताबिक, विद्रोहियों के हमले में ट्रेन का चालक घायल हो गया है और उसमें सुरक्षा गार्ड ने जवाबी गोलीबारी की है। 'डॉन न्यूज' ने सरकारी प्रवक्ता शाहिद रिंद के हवाले से बताया कि यह हमला क्वेटा से पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस पर बोलन जिले में हुआ। प्रांतीय सरकार के एक बयान में कहा गया कि सिबी अस्पताल में आपातकाल लागू कर दिया गया है। उसने कहा कि एम्बुलेंस और सुरक्षा बल घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

रिंद ने कहा कि पहाड़ी इलाका होने के कारण अधिकारियों को घटनास्थल तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। बयान के मुताबिक, ''रेलवे विभाग ने बचाव कार्य के लिए घटनास्थल पर और ट्रेन भेजी हैं।'' बयान में कहा गया, ''घटना के पैमाने और आतंकवादी पहलू का पता लगाया जा रहा है। बलूचिस्तान सरकार ने आदेश दिया है कि आपातकालीन उपाय किए जाएं और सभी संस्थाएं सक्रिय रहें।''

इस बीच, रेलवे नियंत्रक मुहम्मद कासिफ ने बताया है कि नौ डिब्बों वाली इस ट्रेन में करीब 500 यात्री सवार थे। उन्होंने कहा, ''ट्रेन को सुरंग संख्या 8 में हथियारबंद लोगों ने रोक दिया गया। यात्रियों और कर्मचारियों से संपर्क करने के प्रयास किए जा रहे हैं।''

गौरतलब है कि पिछले वर्ष अक्टूबर में पाकिस्तान रेलवे ने डेढ़ महीने से अधिक समय के निलंबन के बाद क्वेटा और पेशावर के बीच रेल सेवाएं बहाल करने की घोषणा की थी।

## व्यापारियों ने उठाया फ्लाईओवर निर्माण का मुद्दाः डीएम को सौंपा ज्ञापन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती, । नई बाजार से पांडेय बाजार को जोड़ने वाली सड़क जिस पर रेलवे क्रॉसिंग नंबर 199 है उसके उपर फ्लाईओवर बनाने के मांग काफी दिनों से हो रही है। लेकिन कतिपय कारणो से 2016 से प्रकरण लम्बित है। लेकिन तत्कालीन जिलाधिकारी और यहां के व्यापारियों के प्रयास से फाटक नंबर 198 बी जो नारंग रोड से शुगर मिल होते हुए बाहर निकलती है उस पर फ्लाईओवर पास हो गया है।

कतिपय लोग इसके निर्माण में अड़ंगा लगा रहे हैं और नए–नए तरीके इजाद करके उसको ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास कर रहे हैं। बस्ती उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को जिलाधिकारी से मिलकर अपनी बात रखी इसके। पहले भी व्यापार बंधु की बैठक में पिछले 5 महीनें से प्रकरण में वार्ता होती रही थीं। जिलाधिकारी ने संज्ञान में लेकर इसका प्रयास किया था और फ्लाईओवर की संस्तुति भी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दी गई। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि काम शीघ्र शुरू हो जाएगा। किसी भी ढंग का दबाव नही मान्य होगा और वहां पर ऊपरगामी पुल बनेगा ही बनेगा। आनंद राजपाल, रंजीत श्रीवास्तव, सूर्यकुमार शुक्ल, सतीश सोनकर आदि मौजूद रहे।

## डा. वी.के. वर्मा को साहित्य सर्जक सम्मान



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। प्रसिद्ध समाजसेवी, वरिष्ठ चिकित्सक, साहित्यकार डा. वी.के. वर्मा को उनके साहित्यिक योगदान के लिये समग्र चेतना साहित्यिक संस्था द्वारा 'साहित्य सर्जक' सम्मान से सम्मानित किया गया।

डा. वी.के. वर्मा के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुये वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राम कृष्ण लाल 'जगमग' ने कहा कि 'मानवता के स्वर, काव्य मुखी, युग चित्र, भावानुभूति, काव्य सौरभ, 'भाव मन्थन' काव्य संग्रह एवं लघु कथा संग्रह 'सोच, कहानी संग्रह उत्कर्ष एवं 'कोविड 19 काव्य संग्रह' जैसी कृतियों की रचना सहज कार्य नहीं है. डॉ. वर्मा ने चिकित्सक और साहित्यकार दोनों सन्दर्भो में स्वयं को सिद्ध किया है। साहित्य जगत को उनसे बहुत संभावनायें हैं।

डा वी.के. वर्मा ने कहा कि अति शीघ्र तथागत गौतम बुद्ध पर उनका महाकाव्य पाठकों के समक्ष होगा। कहा कि सम्मान से और बेहतर दायित्वों के निर्वहन की रचनात्मक ऊर्जा मिलती है।

डा. वर्मा को सम्मानित किये जाने पर त्रिभुवन प्रसाद मिश्र, श्याम प्रकाश शर्मा, डा. नवीन श्रीवास्तव, डा. रामजी सोनी, विनोद उपाध्याय, डा. आर. एन. चौधरी, डा. आर.जी. सिंह, दीपक सिंह प्रेमी, जगदम्बा प्रसाद 'भावुक', सागर गोरखपुरी के साथ ही अनेक साहित्यकारों, चिकित्सकों, समाजसेवियों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## सम्मानित किये गये वरिष्ठ नागरिक



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती, । नगर पंचायत नगर में योग शिविर और वृद्ध जन सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जे० पी० नगर वार्ड के बकैनिया द्वीप अंबेडकर पार्क में हुए कार्यकम में जहां स्थानीय लोगों को योग के गुर सिखाए गए वहीं दो वृद्ध लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख राना दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य लिए नियमित योग और व्यायाम आवश्यक है। उन्होंने योग को भारत की प्राचीन संस्कृति का हिस्सा बताते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया योग और प्राणायाम को अपना रही है। उन्होंने समाज के बूढ़े बुजुर्गों को प्रत्यक्ष देवी देवता की संज्ञा देते हुए कहा कि घर के वृद्ध जन हमारे लिए आदर्श हैं। उन्होंने इसे सनातन सभ्यता का अनूठा उदाहरण बताते हुए कहा कि पारिवारिक समरसता के लिए घर में बडी उम्र के लोगों का खुशहाल रहना अपरिहार्य है। योग शिविर के समापन अवसर पर पूर्व प्रमुख श्री राना ने वार्ड के 82 वर्षीय नन्दू राम और 85 वर्षीय संवारी देवी को तिलक लगाकर माल्यार्पण किया। इसके बाद दोनों को अंग वस्त्र प्रदान कर आरती उतारी और पैर छूकर आशीर्वाद लिया। प्रातः हुए इस समारोह में सबसे पहले मुख्य अतिथि राना दिनेश प्रताप सिंह ने तथागत बुद्ध और बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इस अवसर पर सभासद संदीप कुमार, राज कुमार चौधरी, राजेश कुमार पाण्डेय, रणविजय गौतम, मकरंद पाण्डेय रंजीत राव,,राकेश पाण्डेय, हनुमान प्रसाद, राम किशुन,राम धनी, खजांची, सुनील, राम अवध, राजेश कुमार,चंद्र मणि मिश्रा, राजेश त्रिपाठी, रणजीत सिंह, अमर नाथ, गंगोत्री पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, सुनील पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रही।

# डीएम ने दिया स्कूली वाहनों के प्रपत्र पूर्ण कराने का निर्देश



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में जनपद के लगभग 25 विद्यालय के प्रबन्धक/ प्रधानाचार्य ने प्रतिभाग किया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त विद्यालयों में संचालित वाहनों के प्रपत्र पूर्ण करा लें। साथ ही जो स्कूली वाहन अपनी 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी है, उनको परिवहन विभाग से सम्पर्क कर पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही अवश्य सम्पन्न कराया जाए।

टैम्पों/टैक्सी/प्राइवेट वाहन पर बच्चों को लाने ले जाने हेतु विद्यालय पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाया जाए साथ ही जनपद के समस्त विद्यालयों में रोड सेफ्टी नोडल शिक्षक भी नामित किया जाये तथा नोडल शिक्षक द्वारा विद्यालय में प्रार्थना सभा/एसेम्बली के समय विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के विषय पर जानकारी प्रदान की जाये। इसी प्रकार जनपद स्तर पर नामित मास्टर ट्रेनर के द्वारा समस्त विद्यालयों में नोडल शिक्षक को शिक्षा विभाग एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों की देख–रेख में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जाये।

बच्चों के सुरक्षा के दृष्टिगत स्कूल के नाम पंजीकृत एवं संचालित वाहनों में जी0पी0एस0, सी0सी0टी0वी0 कैमरा, एस0एल0डी0 (निर्धारित गति सीमा 40 कि0मी0 प्रति घण्टा), वाहन के खिड़कियों पर रेलिंग बी0आई0एस0 मार्क का एक अग्निशमन यंत्र एवं आपातकालीन खिड़की अवश्य होनी चाहिए। इस सम्बन्ध में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी बस्ती को कैम्प लगाकर वाहनों पर उपर्युक्त उपकरण की जॉच कराने के भी निर्देश दिये गये। विद्यालयों को प्राइवेट वाहनों एवं टैम्पों–टैक्सी से विद्यालय बैठक का संचालन सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) बस्ती द्वारा किया गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रतिपाल सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अपर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी, यातायात उप निरीक्षक, उर्मिला एजूकेशनल एकेडमी, आर0एल0एस0एम0सी0 इण्टरनेशनल स्कूल, सरस्वती शिशु मन्दिर रामबाग बस्ती, सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कालेज शिवा कालोनी, आर0डी0 सरमाउण्ट, इण्डियन पब्लिक स्कूल, श्रीराम पब्लिक स्कूल, लिटिल फ्लावर कान्वेंट स्कूल, जागरण पब्लिक स्कूल, सवित्री विद्या बिहार, जी0बी0एम0 कान्वेंट स्कूल के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य उपस्थित रहें।

## मुख्यमंत्री योगी ने युवाओं में किया बिना व्याज वाले ऋण का वितरण




**झांसी (आभा)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि आज नए भारत का नया उत्तर प्रदेश भी अपने पूरी सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में बुंदेलखंड की ताकत का एहसास अब दुनिया करेगी। इस दौरान उन्होंने युवा उद्यमी विकास योजना के 1,070 युवाओं को लोन वितरण किया। इस योजना के तहत ब्याज और गारंटी मुक्त पांच लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया। इसमें 10 प्रतिशत 'मार्जिन मनी' अनुदान के रूप में दी जाएगी।

एक दिवसीय दौरे पर झांसी पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा शक्ति को सशक्त करने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत झांसी और चित्रकूट मंडल के संयुक्त क्रेडिट कैंप की शुरुआत की। योगी ने प्रदेश के बदलते स्वरूप को लेकर सरकार द्वारा किए गए जा रहे प्रयासों का जिक्र किया।

### मॉक ड्रिल की हुई तैयारी बैठक

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में भूकम्प पर आधारित मॉक ड्रिल तैयारी बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य भूकम्प से संबंधित तैयारियों की जांच करना और संबंधित विभागों को प्रशिक्षण देना है। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे भूकम्प और हीट वेव से संबंधित अपने स्टैण्डर्ड आपरेटिंग प्रोसीडर्स (एसओपी) तैयार करें। उन्होने कहा कि एसओपी को इस उद्देश्य से तैयार किया जाना है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में सभी विभाग उचित और त्वरित प्रतिक्रिया दे सकें।

## शिकायतों का मौके पर निस्तारण करायें अधिकारी

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, कर–करेत्तर निर्माण कार्य व आईजीआरएस सन्दर्भो की गहन समीक्षा की। जिसमें जिले के सभी सम्बन्धित अधिकारियों से सन्दर्भो के निस्तारण व विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

आईजीआरएस सन्दर्भो की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि प्रकरणों का निस्तारण इस तरह से किया जाय कि उनमें असंतुष्टि के मामले समाप्त हो जायें। इसके लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतें प्राप्त होने पर स्वयं मौके पर जाकर शिकायतकर्ता की बात को सुने तथा आस–पास के लोगों से भी प्रकरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर समाधान कराएं।

## दिवंगत पत्रकार के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। वेब मीडिया एसोसियेशन ऑफ इण्डिया (रजि.) के जिलाध्यक्ष हेमन्त पाण्डेय के नेतृत्व में पत्रकारों ने राज्यपाल के नाम सम्बोधित ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपा गया। ज्ञापन में सीतापुर के दिवंगत पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई के परिवार को आर्थिक सहायता, एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में करवाकर हत्यारों को मृत्यु दण्ड दिये जाने की मांग की गई।

इसके साथ ही पत्रकार सुरक्षा कानून बनाकर सख्ती से लागू किये जाने की मांग दोहराई गई। डब्ल्यू एम ए के जिलाध्यक्ष हेमन्त पाण्डेय संरक्षक एवं प्रेस क्लब महामंत्री महेन्द्र तिवारी ने कहा पत्रकार डर गया और उसकी आवाज दबाई गई तो भ्रष्टाचार की जड़ें और गहरी होंगी ।

भेजे गये ज्ञापन में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाकर उसे सख्ती से लागू किये जाने, पत्रकारों से जुड़े मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में किये जाने, पत्रकार राघवेन्द्र की विधवा पत्नी को तत्काल एक करोड़ की आर्थिक सहायता दिये जाने, उनके परिवार में एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिये जाने तथा मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को मृत्यु दण्ड दिये जाने की मांग की गई।

ज्ञापन देते समय डब्ल्यू एम ए के संयोजक अशोक श्रीवास्तव, महासचिव दिनेश कुमार पाण्डेय, सुरेन्द्र पाण्डेय, प्रेस क्लब के पूर्व उपाध्यक्ष अरूणेश कुमार श्रीवास्तव, अरूण कुमार, राजेश पाण्डेय, विश्वपति वर्मा, सुनील कुमार सोनी, अमर सोनी, अजय कुमार श्रीवास्तव, संतोष तिवारी, रत्नेन्द्र पाण्डेय, राकेश गिरि, सुनील कुमार मिश्र आदि की उपस्थिति रही।

## वार्षिकोत्सव में छा गया बचपन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



**कलवारी, (बस्ती)।** विकास क्षेत्र बहादुरपुर के भेड़वा गांव में स्थित यशोदा एजुकेशनल एकेडमी में सोमवार की शाम प्रबंधक आनंद दूबे के नेतृत्व में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए देर रात तक शमा बांधा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रवि सोनकर, भाजपा नेता प्रमोद पांडेय, ब्लाक प्रमुख कुदरहा अनिल दूबे व नगर पंचायत गायघाट अध्यक्ष प्रतिनिधि बालकृष्ण त्रिपाठी पिंटू ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ व नव निर्मित भवन का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रवि सोनकर ने कहा कि विद्यालय के छात्र–छात्राओं में जो प्रतिभा देखने को मिला वह द्वाबा क्षेत्र में संभव नही है। बच्चो में अनवरत बदलाव हो रहा है। यही ब्लाक व जनपद का नाम रोशन करेगें। बगल में राजकीय विद्यालय बनकर तैयार है। अब बालिकाओं को गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए दूर नही जाना पडेगा।

भाजपा नेता प्रमोद पांडेय ने कहा कि वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हर वर्ष होना चाहिए। जिससे बच्चों में सर्वांगीण विकास

### - वार्षिकोत्सव अभिव्यक्ति का अवसर- अनिल दुबे

होता है। ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे ने कहा कि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होना चाहिए। जिससे बच्चों की दबी प्रतिभाएं बाहर निकलती है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बालकृष्ण तिवारी पिंटू ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार के साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रबंधक गदाधर दूबे, प्रदीप पाण्डेय, ओमकार चौधरी, आशाराम, प्रद्युमन शुक्ला, अवधेश मौर्या ने भी संबोधित किया।

विद्यालय की छात्रा छाया, खुशबू, जया, खुशी, अंशिका कशिश, प्रियंका ने सरस्वती बंदना तेरी वीणा की बन जाऊं तार व स्वागत गीत सु स्वागतम आरुषि, खुशबू, खुशी, काजल, स्वाती, रोशनी ने प्रस्तुत की। लकड़ी की काठी, देश भक्ति, बसंत गीत, मोबाइल बुरी बला, सीता स्वयंबर, किसानी गीत, हरियांणवी गीत, दहेज प्रथा, होली गीत व मनमोहक नाटक बच्चों ने प्रस्तुत कर वाह–वाही बटोरी। कार्यक्रम का संचालन दीपक दूबे व राजकिशोर ने किया एवं अध्यक्षता बब्बू ओझा ने किया।

कार्यक्रम में सुनील कुमार, आशाराम मौर्य, पप्पू गुप्ता, ओमकार चौधरी, माता प्रसाद, मयाराम ओझा, प्रेम प्रकाश चौधरी, रोशन अली, विवेक पांडेय, अवधेश, छोटू, मनोज कुमार, प्रभाकर, रामसजीवन, मधु वर्मा, रिया, तनु, महिमा वर्मा, राधा पांडेय, अजय ओझा, राजदेव, करुणेश मिश्र, गुलाब श्रीवास्तव, चंदन, आदित्य मिश्र, राम सागर, अजय ओझा, शोभनाथ सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेता महेन्द्र ने किया आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत की सरकारी सुरक्षा वापस लेने की मांग



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । कांग्रेस आरटीआई विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्वान्चल प्रभारी महेन्द्र श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत की सुरक्षा पर किये जा रहे व्यय पर सवाल खड़ा करते हुये कहा है कि आखिर केन्द्र की सरकार जनता के टैक्स का दुरूपयोग क्यों कर रही है। मोहन भागवत को पहले से ही जेड प्लस की सुरक्षा मिली थी, अब उसे बढाकर एडवांस सिक्योरिटी लाइजन (एएसएल) जैसी सुरक्षा देने का औचित्य क्या है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कांग्रेस नेता महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वयं को समाज निर्माण का संगठन बताता है। देश में इस प्रकार के कई संगठन है, ऐसी स्थिति में संघ प्रमुख मोहन भागवत को प्रधानमंत्री, गृह मंत्री स्तर की सुरक्षा देने के निर्णय के पीछे मंशा क्या है। संघ परिवार के प्रमुख को आखिर किससे खतरा हो सकता है कि उन्हें इस प्रकार के उच्च श्रेणी की सुरक्षा व्यवस्था सरकर के व्यय पर उपलब्ध करायी जाय।

कांग्रेस नेता ने कहा कि एक तरफ तो संघ परिवार स्वयं को सेवा के क्षेत्र का अग्रणी संस्था बताकर लोगों को सामान्य, सहज जीवन जीने की प्रेरणा देता है तो दूसरी ओर मोहन भागवत की सुरक्षा पर देश का करोड़ो रूपया व्यय किया जा रहा है। यह स्थितियां चौंकाती है। मांग किया कि देश हित में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को दी गई सुरक्षा को वापस लिया जाय।

# रंजिश में युवक की ईंट से सिर कूंचकर हत्या



**संवाददाता–बहराइच।** नानपारा इलाके के केशवापुर गांव में एक युवक की ईंट से कूंचकर हत्या कर दी गई। गिरने से बेहोश युवक पर ईंटों से कई वार किए। बेरहमी से हत्याकर आरोपी वहीं खड़ा रहा सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। दिन दहाड़े हुई इस वारदात से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। गांव में पुलिस तैनात है। मृतक के विरुद्ध भी 11 माह पूर्व जानलेवा हमले के मामले में केस दर्ज किया गया था।

घटना मंगलवार की है। नानपारा कोतवाली के बहादुरपुरवा निवासी 42 वर्षीय शमसुद्दीन उर्फ पहाड़ी पुत्र सज्जन उर्फ सजनू मंगलवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे बाइक से लगभग तीन किमी दूर सड़क पार गांव केशवपुर पहुंचे थे। जैसे ही वह छब्बा के खेत स्थित मवेशियों की घारी के सामने पहुंचा। इसी दौरान केशवापुर गांव निवासी पारसनाथ राजपूत ने उसे रोका। कहासुनी होने पर पारसनाथ ने पहाड़ी को सड़क पर पटक पटक कर मार डाला। सड़क पर गिराकर उसका गला दबाने की कोशिश की। सिर पर ईंट से कूंचकर तब तक कई वार किए, जब तक उसकी जान नही निकल गई। इस वारदात से गांव में अफरातफरी व दहशत फैल गई। हमलावर पारस के पास कोई नहीं फटका। न ही हमलावर ने फरार होने की कोशिश की। वह वहीं शव व क्षतिग्रस्त की गई बाइक के पास ही तब तक खड़ा रहा, जब तक पुलिस नहीं पहुंची। पुलिस के आने पर उसने आत्म समर्पण कर दिया। पुलिस ने तत्काल उसे कब्जे में लेकर कोतवाली भेज दिया है। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। सीओ प्रधुम्न सिंह, कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ गांव में मौजूद हैं। शव व बाइक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। मृतक के रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं।

## दो स्कूलों से चोरों ने हजारों का माल पार किया

**संवाददाता–श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसोहना में स्थित कम्पोजिट विद्यालय परसोहना में सोमवार रात चोरों ने ताला तोड़कर हजारों का माल पार कर दिया। प्रधान शिक्षक रमेश कुमार यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया कि चोर दो इनवर्टर, तीन बैटरी, एक बोरी चावल, सब्जी, मसाले, साउंड सिस्टम, खेल सामग्री, नन्ही कली योजना के बैग, पंखा व विद्यालय के कुछ जरूरी दस्तावेज चोरी कर ले गए। मंगलवार को जब वह विद्यालय पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई।

## 10 लाख रुपये की जमीन दो लाख में लेकर एक लाख छीने, जमीन अनुबंध कराने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता–बलरामपुर।** सीधे साधे व अनपढ़ वृद्ध से छलपूर्वक उनकी जमीन का अनुबंध कराने वाले गैंग के चार आरोपियों को रेहरा बाजार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में ग्राम केराडीह निवासी कृष्ण मोहन पांडेय उर्फ चिंताराम पांडेय, ग्राम बसावन बनकट थाना रेहरा बाजार निवासी अरुन यादव, ग्राम रेहरा निवासी चिन चतुर्वेदी व ग्राम देवारी खेरा थाना रेहरा बाजार निवासी प्रहलाद वर्मा की गिरफ्तारी हुई है।

आरोपियों ने 10.11 लाख रुपये की 3.04 बीघा जमीन का दो लाख रुपये देकर अनुबंध कराया। बैंक से दो लाख रुपये अनपढ़ वृद्ध से निलवाया और धमका कर आरोपियों ने एक लाख रुपये छीन लिया। थाना रेहरा बाजार क्षेत्र के ग्राम केराडीह निवासी राम कृपाल उर्फ ननकू ने अक्तूबर 2024 में पुलिस को तहरीर दिया था। वृद्ध ने तहरीर में आरोप लगाया था कि घर निर्माण कराने के लिए ऋण दिलाने के नाम पर चिंताराम व अन्य तीन आरोपियों ने उनकी तीन बीघा चार विस्वा जमीन का अनुबंध करा लिया।

जमीन का सर्किल रेट 10 लाख 11 हजार रुपये है जिसमें दो लाख रुपये देकर उनकी जमीन का रजिस्टर्ड अनुबंध करा लिया। उसी दिन वृद्ध को धमकी देकर एक लाख रुपये वापस भी ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि राम कृपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके अतिरिक्त निरीक्षक अशोक सिंह जांच सौंपी गई। एसपी विकास कुमार ने मंगलवार को आरोपियों की गिरफ्तारी का खुलासा किया। कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। आरोपियों ने बताया कि राम कृपाल को हम लोगों ने सरकारी ऋण दिलाने के नाम पर उनकी कीमती जमीन को धोखे से रजिस्टर्ड अनुबंध करा लिया था। कुछ दिन बाद जमीन पर कब्जा कर लिया गया था। राम कृपाल को मारकर कुआनों नदी में फेंक देने की धमकी दी और उसी दिन बैंक ले जाकर एक लाख रुपये वापस ले लिया।

## बीवी से लड़ने के बाद युवक ने खुद को लगाई आग, बुरी तरह झुलसा, उत्पीड़न का लगाया आरोप



**संवाददाता–महराजगंज।** महराजगंज मुख्यालय परिसर में तहसील के पास अपनी चाय की दुकान पर मंगलवार को पत्नी पर उत्पीड़न का आरोप लगा एक युवक ने खुद को आग लगा ली। देखते ही देखते वह बुरी तरह झुलस गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। मुख्यालय परिसर में तहसील के पास अपनी चाय की दुकान पर मंगलवार को पत्नी पर उत्पीड़न का आरोप लगा ग्वालियर का एक युवक हाथ में पेट्रोल का बोतल व लाइटर लेकर आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। इससे भीड़ एकत्र हो गई। थोड़ी ही देर में लाइटर जला दिया। इससे पेट्रोल में आग पकड़ लिया और युवक बुरी तरह झुलस गया। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। झुलसे युवक को पत्नी इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गई।

ग्वालियर का रहने वाले बाबू खान के बेटे साबिर खान की चौपरिया गांव की एक लड़की से सात साल पहले शादी हुई थी। शादी के बाद दोनों चौपरिया गांव में किराये पर कमरा लेकर रह रहे थे। दोनों की दो बच्चियां भी हैं। बड़ी बेटी पांच साल व छोटी बेटी एक साल की है। परिवार के भरण–पोषण के लिए साबिर ने तहसील के सामने कलक्ट्रेट पुलिस चौकी के समीप एक छोटी चाय की दुकान खोला है। पैसे को लेकर आए दिन दोनों में विवाद हो रहा था। मंगलवार को भी दोनों में दुकान पर ही विवाद होने लगा। साबिर हाथ में पेट्रोल से भरा बोतल भी लिया था। अचानक पेट्रोल में आग पकड़ ली, जिससे वह जलने लगा। यह देख सनसनी मच गई। युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भेजा गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

इस मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार रॉय ने बताया युवक के झुलसने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

जिला अस्पताल से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। मामले की जांच–पड़ताल की जा रही है। शिकायती पत्र मिलने के बाद उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, बस्ती

## सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा निम्नलिखित भवन स्वामियो/क्रेतागणों तथा अन्य व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि निम्न भवनों के नाम परिवर्तन की कार्यवाही नगर पालिका परिषद बस्ती में बिचाराधीन है सम्बन्धित पक्षो को धारा 147 (2) की नोटिस भेजी जा चुकी है आपत्तिकर्ता सम्पूर्ण प्रमाण सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिन के अन्दर अपना पक्ष/आपत्ति नगर पालिका परिषद बस्ती के कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा सहनियम कार्यवाही करते हुए प्रकरण निस्तारित कर दिया जायेगा।

| क्र0 | प्रापर्टी आई0डी0 | आवेदन संख्या | वर्तमान नाम | प्रास्तावित नाम | | अधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 1 | 0951701003036357R/ | PM5172425003424/ | श्रीमती रूकमणी देवी पत्नी चान्डू मल सिन्धी | सविता गुप्ता | मनोज कुमार | रजि० सेल डीड |
| 2 | 0951701008032962R/ | PM5172425003419/ | श्रीमती सीतामणि मिश्रा पत्नी वीरेन्द्र मिश्र | विनय स्वरूप मिश्रा | विरेन्द्र मिश्रा | वारिसान |
| 3 | 0951701004026598R/ | PM5172425003417/ | त्रिलाकी पुत्र शिवराज | राजेश्वर प्रसाद | तारा प्रसाद | वारिसान |
| 4 | 0951701001024650R/ | PM5172425003411/ | छोटेलाल पुत्र बद्री | राम आसरे | छोटेलाल | वारिसान |
| 5 | 0951701008032559R/ | PM5172425003410/ | श्री रत्नाकर द्विवेदी पुत्र चन्द्रशेखर | जितेन्द्र कुमार दूबे | रत्नाकर द्विवेदी | वारिसान |
| 6 | 0951701008031557R/ | PM5172425003409/ | श्रीमती सरोज देवी पुत्री स्व० सुभाष | चन्द्रिका प्रसाद | राम बृक्ष | रजि० सेल डीड |
| 7 | 0951701008034200R/ | PM5172425003408/ | अब्दुल रज्जाक पुत्र बुद्ध | फूला देवी | राधेश्याम | रजि० सेल डीड |
| 8 | 0951701005026081R/ | PM5172425003407/ | श्री सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव, अमरदीप श्रीवास्तव पुत्र शैलेश कुमार श्रीवास्तव व श्रीमती निर्मला श्रीवास्तव पत्नी शैलेश कुमार श्रीवास्तव | संजीव कुमार पाण्डेय | चन्द्र पाल पाण्डेय | रजि० सेल डीड |
| 9 | 0951701002035504R/ | PM172425003406/ | चन्द्रावती देवी | ममता गुप्ता | विजेन्द्र गुप्ता | रजि० सेल डीड |
| 10 | 0951701004027849R/ | PM5172425003404/ | चन्दन कुमार, रजन कुमार पुत्र आलोक श्रीमती कुमकुम पत्नी आलोक, इला देवी पत्नी अशोक, सार्थक चन्द्र पुत्र प्रकाश चन्द्र | संजीव कुमार भट्टाचार्य | सार्थक चन्द्र भट्टाचार्य | वारिसान |
| 11 | 0951701002025496R/ | PM5172425003383/ | रामकिशोर पुत्र द्वारिका | राम शंकर | द्वारिका प्रसाद | रजि० सेल डीड |
| 12 | 0951701006028399R/ | PM5172425003388/ | श्री हनुमान शरण, बाबूमुनि मिश्रा पुत्रगण लक्ष्मी नारायण | लता मिश्रा | बद्री विशाल मिश्रा | रजि० सेल डीड |
| 13 | 0951701006028401R/ | PM5172425003389/ | श्री हनुमान शरण, बाबूमुनि मिश्रा पुत्रगण लक्ष्मी नारायण | लता मिश्रा | बद्री विशाल मिश्रा | रजि० सेल डीड |
| 14 | 0951701006028398R/ | PM5172425003387/ | श्री हनुमान शरण, बाबूमुनि मिश्रा पुत्रगण लक्ष्मी नारायण | लता मिश्रा | बद्री विशाल मिश्रा | रजि० सेल डीड |
| 15 | 0951701008037929R/ | PM5172425003376/ | अभिजापति त्रिपाठी पुत्र स्व0 कमलापति त्रिपाठी | विनय कुमार | अब्धिजापति त्रिपाठी | वारिसान |
| 16 | 0951701002035623R/ | PM5172425003437/ | त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता, पुत्र स्व0 श्री हीरालाल | अजय कुमार बरनवाल विजय कुमार बरनवाल | त्रिवेनी प्रसाद बरनवाल | रजि० वसीयत |

**अधिशाषी अधिकारी**

**नगर पालिका परिषद, बस्ती**

पत्रांकः–7514A / न0पा0प0 बस्ती / कर अनुभाग / विज्ञप्ति / 2024–25 दिनांकः–11 मार्च 2005

## कुश्ती संघ के निलंबन से खिलाड़ियों का नुकसान हुआ, पहले की तरह करवाएं टूर्नामेंट




**संवाददाता–गोंडा।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) से निलंबन हटाने के केंद्र सरकार के फैसले पर पूर्व अध्यक्ष और कैसरगंज से पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि 26 महीनों तक तमाम षड्यंत्र रचे गए, झूठे आरोप लगाए गए और भारतीय कुश्ती को ठप करने की कोशिशें हुईं लेकिन साजिश करने वाले अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके। इस विवाद के चलते टीम दो विश्व रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकीं, प्रशिक्षण शिविर बंद हो गए और कुश्ती जगत को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

उन्होंने कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह और अन्य पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे खिलाड़ियों के हित में निष्पक्ष निर्णय लें और किसी भी प्रकार के भेदभाव से बचें। उन्होंने कहा कि अब पारदर्शी ट्रायल होने चाहिए और खिलाड़ियों को बराबरी का मौका मिलना चाहिए। सरकार से मिलकर प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन और टूर्नामेंटों को गति देनी चाहिए।

बृजभूषण ने कहा कि चाहे करण भूषण सिंह हों या बृजभूषण शरण सिंह, कुश्ती संघ में उत्तर प्रदेश का नेतृत्व अहम रहा है। अब मैं महासंघ के कार्यालय से नहीं जुड़ा हूं, लेकिन खेल और खिलाड़ियों के लिए मेरा समर्थन हमेशा रहेगा।श्श उन्होंने कहा, श्शहोली से पहले यह कुश्ती से जुड़े सभी लोगों के लिए एक उपहार है। खेलों में ऐसी कई स्थितियां बनी हुई थीं, लेकिन अब न्याय हुआ है।

वहीं, महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने निलबंन हटाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और खेल मंत्री को धन्यवाद दिया। वाराणसी में संजय सिंह ने कहा कि निलंबन खत्म होने पर अब कुश्ती सुचारू रूप से चलेगी। उन्होंने कहा, श्शमैं देश और पहलवानों के हित के लिए काम कर रहा था, इसलिए मुझे पूर्ण विश्वास था कि कुश्ती संघ से निलंबन हटेगा।श्श उन्होंने कहा, श्शनिलंबन हटने के बाद खिलाड़ियों को शिविर का लाभ मिलने लगेगा। कुश्ती के खिलाड़ियों का ढाई साल से शिविर नहीं लग रहा था। खिलाड़ी शिविर में नई नई तकनीक सीखते हैं। शिविर से कमजोर खिलाड़ि

## पूर्वाचार्य महंत जयराम दास को संतो महंतों ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में रामललासदन एवं रामबरन सेवा आश्रम श्रीमठ के संस्थापक सिद्ध संत महंत जयराम दास जी महाराज का बैकुंठ वास 6 मार्च 2020 फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को हुआ था और मंगलवार को श्री महाराज का पांचवा बैकुंठोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें अयोध्या के संतो महंतों के साथ–साथ गृहस्थ और नेताओं ने भी भाव रूपी श्रद्धांजलि श्री महाराज जी को अर्पित किया। श्री महाराज जी के शिष्य वर्तमान पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी डॉ राघवाचार्य महाराज ने बताया श्री महाराज जी 50 वर्ष की आयु में वैराग्य धारण किए और बड़े ही सौभाग्य की बात है श्री महाराज जी का बैकुंठ वास उसी तिथि को हुआ जिस तिथि फागुन शुक्ल पक्ष एकादशी को उनका अवतरण हुआ था।

उन्होंने कहा कि श्री गुरुदेव भगवान सेवा में विश्वास रखते थे और सेवा ही बैकुंठ वास का मुख्य कारण बनता है। इसीलिए महाराज जी के नियमानुसार आश्रम में गौ सेवा संत सेवा निरंतर चलती रहती है। श्री महाराज जी भजनानंदी संत थे, संतों की सेवा में रुचि रखते थे इसलिए निरंतर आश्रम में संत सेवा चल रही है। इस अवसर पर संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास, पूर्व प्रधानमंत्री महंत माधव दास, बड़ा भक्तमाल के महंत अवधेश कुमार दास महाराज, हनुमानगढ़ी के संत प्रभु दास उर्फ मामा दास,महंत धर्मदास, नागा राम लखन दास, महंत राम कुमार दास, पुजारी रमेश दास,संत मिथिला बिहारी दास, महंत मनीष दास सहित सैकड़ो संतों महंतों ने श्री महाराज जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## श्री लाल साहब दरबार में सरकार के साथ भक्तों ने खेली होली



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। भगवान श्री राम लला की जन्मस्थली श्री धाम अयोध्या में वैसे तो फागुन लगते ही होली की रौनक दिखाई देने लगती है लेकिन फाल्गुन शुक्ल पक्ष की रंगभरी एकादशी तिथि से अलग ही नजर दिखाई देता है सभी मंदिरों में होली के गीत गूंजने लगते हैं और यह उत्सव अपने पूरे चरमोत्कर्ष पर पहुंच जाता है। अबीर गुलाल और विविध प्रकार के फूलों से अयोध्या के मंदिरों में होली खेली जाती है और जब 500 वर्षों के संघर्ष के बाद प्रभु श्री राम लला बाल रूप में अपने जन्म स्थान पर विराजमान हो जाते हैं तो अयोध्या के लगभग 5000 मंदिरों में श्री राम लला के शाखा के रूप में सभी लोग होली उत्सव मनाने लगते हैं, 2024 में प्राण प्रतिष्ठा हुई, प्रभु श्री राम लला के जन्म स्थान में विराज होना मन होने के बाद यह दूसरी होली अयोध्या में खेली जाएगी जिसकी झलक आज से ही दिखाई देने लगी है। रामकोट कनक भवन परिसर में विराजमान श्री लाल साहब दरबार मंदिर में सोमवार रंग भरी एकादशी के दिन श्री लाल साहब सरकार भक्तों के साथ जमकर होली खेले पूरा परिसर लाल, पीला, केसरिया, बसंती हरे रंग के गुलाब से रंग गया।

श्री लाल साहब दरबार के पीठाधीश्वर महंत रामनरेश शरण महाराज ने सबसे पहले सरकार को गुलाल लगे और सरकार के साथ उपस्थित संतों ने फूलों की होली खेली और जैसे ही श्री लाल साहब सरकार का आदेश हुआ भक्ति होली के रंग में रंग गए। होली के साथ–साथ सरकार को फागुन के गीत सुनाए गए। श्री महाराज जी ने बताया कि अवध में अद्भुत होली होती है भक्त और भगवान का मिलन होता है। रंगभरी एकादशी के दिन पूरी अयोध्या में होली उत्सव का शुभारंभ होता है श्री लाल साहब दरबार में यह उत्सव एक सप्ताह तक निरंतर चलता रहेगा जिसका आगाज रंग भरी एकादशी को ठाकुर जी को गुलाल लगा करके और फूलों से होली खेल करके किया गया। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में होली खेलने के लिए अयोध्या के साथ–साथ पूरे देश से लोग आते हैं उनके साथ गुलाल लगा करके होली खेली जाती है। सभी को ठाकुर जी का प्रसाद भी दिया जाता है।

## जगतगुरु स्वामी श्रीधराचार्य से कथा सुन भाव विभोर हुए भक्त

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। रसिक जी विपिनश्रीवास्तव द्वारा आयोजित श्री मद भागवत कथा में जगतगुरु स्वामी श्री धराचार्य जी महाराज ने कथा का विस्तार करते हुए कहा शरणागत रक्षक हैं प्रभु इंद्र वरुण आदि ने प्रभु चरणों में शरणागति कि प्रभु शरण में आए इंद्र ब्रम्हा वरुण आदि को पुनः अपना लेते हैं इससे सिद्ध होता है प्रभु पुरुषोत्तम है ऐश्वर्य से जो परिपूर्ण है वही परब्रह्म है, वही भगवान है अपने सभी इंद्रियों से जो कृष्ण रस का पान करें वही गोपी है प्रभु श्री कृष्ण ने गोपियों के साथ रास बिहार तो किया लेकिन मन को उन्नत अवस्था में स्थिर कर दिया शरद ऋतु में कदंब वृक्ष के ऊपर बैठकर बंसी निनाद करते हैं जीव रूपी गोपियां प्रभु कृष्ण के आमंत्रण पर सभी कार्यों को छोड़कर प्रभु के समीप जाती हैं।भगवान श्री कृष्ण गोपियों को लौटने के लिए तर्क देते हैं, सभी गोपियां कन्हैया के तर्कों को सुनकर कहती हैं प्रभु संसार के जो संबंध आपने हमें बताए हैं वह संबंध केवल शरीर से हैं, और शरीर तक ही सीमित हैं यह संबंध बदल सकते हैं लेकिन जीव और आत्मा का संबंध नहीं बदल सकता गोपियों के तर्क को सुनकर प्रभु मौन हो गए ,गोपियों की अनन्य भक्ति देखकर रास रचौया श्री कृष्ण प्रभु सभी गोपियों के साथ रास बिहार करते हैं। कंस के बढ़ते अत्याचार को



देख कर देवर्षि नारद कंस के पास जाते हैं। अक्रूर जी को दूत बनाकर कंस भगवान श्रीकृष्ण को गोकुल से मथुरा बुलाते हैं पापी कंस के पास रहकर भी अक्रूरजी कन्हैया को सारी बात सच सच बता देते हैं भगवान श्रीकृष्ण मां देवकी और वसुदेव को कारागृह से मुक्त कराने के लिए मथुरा जाने को तैयार हो जाते हैं।भगवान कृष्ण के जाने का समाचार सुनकर सभी ग्वाल बाल गोपियां रुदन करने लगती हैं प्रभु मथुरा नगरी पधारते हैं सभी मथुरा नगर वासी कान्हा का दर्शन पाकर प्रसन्न हो जाते हैं, अनेकों जन्मों से प्रभु का इंतजार कर रही कुब्जा प्रभु को चंदन लगाती है, कान्हा का स्पर्श करने से कुब्जा नवीन रूप पा जाती है प्रभु कंस के महल में पहुंचते हैं, द्वार पर कंस ने प्रभु को मारने के लिए अनेकों योद्धा खड़े किए हैं कन्हैया सभी का वध करते हुए महल में प्रवेश करते हैं पापी कंस को प्रभु काल के रूप में ऋषि जनों को ब्रह्म के रूप में मथुरा वासियों को प्रभु कन्हैया के रूप में जिसका जो भाव है प्रभु उसी रूप में दिखाई दे रहे हैं प्रभु पापी कंस का संहार करते हैं पिता वसुदेव मां देवकी को कारागृह से मुक्त कराते हैं कंस के पिता उग्रसेन को राजगद्दी पर बिठाते हैं प्रभु संदीपन ऋषि के आश्रम में विद्या अध्ययन करने जाते हैं 64 दिन में सारी विद्या का अध्ययन करके प्रभु वापस आते हैं। विश्वकर्मा को आदेश देकर समुद्र के समीप दिव्य द्वारिकापुरी का निर्माण कराते हैं राजा भीष्मक की पुत्री साक्षात परम मां भगवती जगतजननी लक्ष्मी स्वरूपा रुकमणी जी अपने अनंत प्रियतम प्रभु को प्रेम पत्र देते हुए अपना भाव निवेदन करती हैं ब्राहमण देवता पत्र प्रभु श्री कृष्ण के हाथ में देते हैं पत्र को पढ़ कर के प्रभु की आंखों से अश्रुपात होने लगता है रथ में बैठकर प्रभु मां रुकमणी को लेने के लिए जाते हैं,मां रुकमणी को रथ में बिठाकर प्रभु द्वारिका में आते हैं दिव्य मंडप सजाया जाता है सभी वैदिक विधियों के द्वारा भगवान श्री कृष्ण मां रुक्मणी का विवाह होता है श्री कृष्ण और रुक्मणी जी का दिव्य कल्याण उत्सव सभी भक्तों ने धूमधाम से मनाया सभी भक्तजन कथा को सुनकर हर्ष का अनुभव कर रहे कल कथा का विश्राम दिवस है।

## इंडो–नेपाल बार्डर से अवैध घुसपैठ पर बांग्लादेशी गिरफ्तार

**संवाददाता–महराजगंज।** इंडो–नेपाल बार्डर से अवैध घुसपैठ की कोशिश में सरहद की सुरक्षा में तैनात एसएसबी जवानों ने सोमवार की रात 11 बजे एक बांग्लादेशी नागरिक को सीमावर्ती गांव मटरा धमउर के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ के लिए एसएसबी जवान से कैंप में ले गए। जांच–पड़ताल में उसके पास से देश में प्रवेश का वैधा दस्तावेज नहीं मिला। इस मामले में एसएसबी के एएसआई की तहरीर पर निचलौल पुलिस ने मंगलवार को केस दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। भारत–नेपाल सीमा पर शितलापुर में तैनात एसएसबी के एएसआई गणेश चन्द्र दास निवासी रहंगाजान थाना हेलन असम ने निचलौल पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार की रात में मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि नेपाल की तरफ से एक संदिग्ध शख्स भारत में अवैध तरीके से घुसपैठ करने की फिराक में है। उसके बाद तत्काल टीम का गठन कर बार्डर के पिलर संख्या 501ध6 से सटे मटरा गांव के पगडंडी रास्ते के पास पहुंच गए। उसी बीच एक संदिग्ध शख्स नेपाल से भारत में प्रवेश करते हुए दिखाई दिया। एसएसबी जवान घेराबंदी कर उसे रोके। पूछताछ में उसने अपना नाम सैफुल इस्लाम पुत्र ईशान अली (35) निवासी दुपूरिया पोस्ट धंसिल थाना जिनाइकटी राष्ट्र बांग्लादेश बताया। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक की तलाशी लेने पर उसके पास से नागरिकता, पासपोर्ट एवं बांग्लादेशी पहचान पत्र से संबंधित कोई भी साक्ष्य बरामद नहीं हुआ है। पकड़ा गया बांग्लादेशी व्यक्ति बांग्लादेशी भाषा स्पष्ट शब्दों में बोल रहा था। वहीं हिंदी भाषा को समझने में भी सक्षम था। भारत में प्रवेश करने का कारण पूछा गया तो उसने सही से जवाब नहीं दिया।

